# नागरी बुलेटिन

## त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका

## अंक 13 (जनवरी – मार्च 2025)

## देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

### गुलावठी, बुलंदशहर (उ.प्र.)

### (संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

**संरक्षक**

**प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी (प्राचार्य)**

**नागरी बुलेटिन एक त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका है जिसे देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, जनपद बुलंदशहर द्वारा जारी किया जाता है।**

**© देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी 2025**
**सर्वाधिकार सुरक्षित।**

# Institutional Head



**Shri Narendra Kumar**

President, College Management Committee



**Prof. Yougesh Kumar Tyagi**

Principal

# College Faculty



**Mr. Atul Tomar**

Assistant Professor

Department of Maematics



**Dr. Vinita Garg**

Assistant Professor

Department of Chemistry



**Dr. Mahendra Kumar**

Associate Professor

Department of English



**Dr. Pushpendra Kumar Mishra**

Assistant Professor

Department of Political Science



**Dr. Awadhesh Kumar Singh**

Assistant Professor

Department of Physical Education



**Mr. Peeyush Tripai**

Assistant Professor

Department of Political Science



**Mr. Haridutt Sharma**
**Assistant Professor**
**Department of Sanskrit**



**Mr. Bhavnit Singh Batra**
**Assistant Professor**
**Department of Economics**



**Dr. Sandeep Kumar Singh**
**Assistant Professor**
**Department of Hindi**



**Dr. Vinay Kumar Singh**
**Assistant Professor**
**Department of Chemistry**



**Mr. Naresh Kumar**
**Assistant Professor**
**Department of Physics**



**Mr. Navin Tomar**
**Assistant Professor**
**Department of Physical Education**



**Mr. Krishna Kumar**
**Assistant Professor**
**Department of Sociology**



**Dr. Harish Kumar Kasana**
**Assistant Professor**
**Department of Hindi**



**Mr. Shashi Kapoor**
**Assistant Professor**
**Department of Sociology**



**Mr. Shyam Prakash**
**Assistant Professor**
**Department of Mathematics**

10 JANUARY 2025

# हिंदी हमारे अंदर रची-बसी है : प्रो. त्यागी

## विश्व हिंदी दिवस पर जिलेभर में आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम, बताया गया हिंदी भाषा का महत्व

संवाद न्यूज एजेंसी

गुलावठी। डीएनपीजी कॉलेज में हिंदी विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि हिंदी हमारे अंदर रची-बसी है। हमें गर्व करना चाहिए कि हम हिंदी भाषी हैं।

आज पूरे विश्व में हिंदी भाषा को सत्कार एवं सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। मुख्य वक्ता हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी भावों और संवेदनाओं की भाषा है। आज विश्व में सबसे अधिक पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हिंदी में हो रहा है।

साहित्य के साथ-साथ हिंदी रोजगार के विविध अवसर प्रदान कर रही है। कॉलेज के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पीयूष त्रिपाठी ने हिंदी भाषा की सहजता और संप्रेषणीयता की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरीश कसाना ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अतुल तोमर, नरेश कुमार, डॉ. पुष्पेंद्र मिश्र, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, कृष्ण कुमार, शशि कपूर आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता ही विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य

ककोड़। केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आचार्य नितिन शर्मा ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना है। बताया कि प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में हुआ था। विश्व हिंदी सचिवालय मॉरिशस में स्थित है। अशोक गुप्ता ने कहा यदि हम अपने देश का विकास चाहते हैं तो हमें अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी को सम्मान देना होगा। छात्र-छात्राओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र ने की। संवाद




डीएनपीजी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में विचार रखते वक्ता। स्रोत: संस्थान

### विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है हिंदी

अनूपशहर। डीपीबीएस कॉलेज में प्राचार्य प्रो. जीके सिंह की अध्यक्षता में हिंदी विभाग की ओर से विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि आज हिंदी इतनी मजबूत है कि विश्व की किसी भी बड़ी कंपनी को अपना माल बेचने के लिए हिंदी में ही प्रचार करना पड़ता है। हमें हिंदी को लेकर हीनता बोध से ऊपर उठना है। तभी हिंदी वैश्विक भाषा बन सकती है। कार्यक्रम के समन्वयक हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. आलोक तिवारी ने विश्व हिंदी दिवस मनाए जाने के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराया और हिंदी को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बताया। उन्होंने बताया की हिंदी बोलने वाले देशों की संख्या विश्व में दहाई में है। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इसमें छात्रा पूजा ने पहला, कुंती कुमारी ने दूसरा और तेजवीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रो. यूके झा, डॉ. सुनीता गौड, डॉ. जीके बंसल, डॉ. जागृति सिंह आदि मौजूद रहीं। संवाद

### हिंदी की विशेषताओं पर की गई चर्चा

बुगरासी। हरिजन सेवक संघ की ओर से विश्व हिंदी दिवस पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हिंदी भाषा की महत्ता, इसकी विशेषताओं और इसके वैश्विक प्रसार पर विस्तृत चर्चा की गई। संघ के प्रमुख वक्ताओं ने हिंदी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह भाषा केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बोली और समझी जाती है। विश्व हिंदी दिवस पर शुक्रवार को गांव घुंघरावली में प्रताप चौधरी के आवास पर हरिजन सेवक संघ ने बैठक का आयोजन किया। हरिजन सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल चौधरी ने हिंदी भाषा की सरलता, वैज्ञानिकता और व्यापकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हिंदी साहित्य के महान रचनाकारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान बनाए रखने का आग्रह किया। संवाद

15 JANUARY 2025

# जनजातीय जीवन थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की गई घोषणा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर । गुलावठी देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनजातीय जीवन थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा हुई। इस प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशबू वर्मा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। खुशबू वर्मा ने जनजातीय कामकाजी स्त्री का सजीव चित्रण किया। दूसरे स्थान पर कनिका सोलंकी रहीं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा का चित्र बनाया। उल्लेखनीय कि वर्तमान वर्ष को शासन की ओर से जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित किया गया है जिसके तहत प्रति माहवार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि अन्य विद्यार्थियों को विजेता प्रेरणा देनी चाहिए। सांस्कृतिक परिषद प्रभारी डॉ. पुष्पेन्द्र मिश्र ने कहा कि जनजातीय चित्रकला के बाद जनजातीय कविता तथा जनजातीय साहित्यकार एवं जनजातीय कहानी विषयक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर अतुल तोमर, पीयूष त्रिपाठी हरिदत्त शर्मा, डॉ. संदीप कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, नवीन तोमर, कृष्ण कुमार, डॉ विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, डॉ. हरीश कसाना, शशि कपूर एवं श्याम प्रकाश सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

17 JANUARY 2025



amarujala.com/bulandshahr नई दिल्ली | शनिवार • 18.01.2025

अमर उजाला



# कहानी लेखन में मानसी व निबंध में सुप्रिया अव्वल

## गुलावठी के डीएनपीजी कॉलेज में जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिता

### सभी विजेताओं को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में किया जाएगा सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुलावठी।** डीएनपीजी कॉलेज में शुक्रवार को जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत सांस्कृतिक परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि कहानी लेखन में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुमैया ने दूसरा तथा तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कुमकुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



गुलावठी के डीएनपीजी कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। स्रोत: संस्थान

जनजातीय कवि एवं जनजातीय साहित्य विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुप्रिया गौतम ने प्रथम, बीए पंचम सेमेस्टर की फिजा खान ने दूसरा तथा इकरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.योगेश कुमार त्यागी व सांस्कृतिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने विजेताओं को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की। राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य संयोजक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में अवश्य भाग लेना चाहिए। इससे छिपी प्रतिभा उभरकर सामने आती है तथा आत्मविश्वास बढ़ता है।

इस अवसर पर हरिदत्त शर्मा, संदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, डॉ. विनय कुमार सिंह, कृष्ण, डॉ. हरीश, शशि कपूर व श्याम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

17 JANUARY 2025

# जनजातीय कथा संसार और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा शीर्षक से एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**सैय्यद मजहर**

बुलंदशहर। गुलावठी देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम नवंबर 2024 से नवंबर 2025 तक मनाये जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सांस्कृतिक परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में %जनजातीय कथा संसार और सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा शीर्षक से एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी मानसी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुमैया तथा तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कुमकुम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जनजातीय कवि एवं जनजातीय साहित्य विषयक निबंध प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी सुप्रिया गौतम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी फिजा खान को द्वितीय जबकि इकरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य योगेश कुमार त्यागी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी जबकि सांस्कृतिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार मिश्र ने विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की।
जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य संयोजक डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह अधिक संख्या में विद्यार्थियों से अधिकधिक संख्या में इन प्रतियोगिताओं में भाग देने को कहा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत प्रत्येक माहवार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें विद्यार्थी अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित श्री अतुल तोमर श्री हरिदत्त शर्मा, श्री संदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, डॉ विनय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, डॉक्टर हरीश कसाना, शशि कपूर और श्याम प्रकाश आदि ने भाग लिया।

18 JANUARY 2025



डीएनपीजी कॉलेज में हिंदी साहित्य में राम ग्रंथ का विमोचन करते शिक्षक। स्रोत : संस्थान

# किसी भी ग्रंथ का प्रकाश में आना महत्वपूर्ण बात : प्रो. योगेश त्यागी

गुलावठी। डीएन पीजी कॉलेज में शनिवार को हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. हरीश कसाना द्वारा संपादित ग्रंथ हिंदी साहित्य में राम का विमोचन किया गया।

कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि किसी भी ग्रंथ का प्रकाश में आना बहुत महत्वपूर्ण बात होती है। इसके पीछे लेखक एवं संपादक की गूढ़ तपस्या, मेहनत एवं लग्न होती है। राम शब्द सनातन है। हिंदी साहित्य ही नहीं वरन अन्य भाषा साहित्य में भी भगवान राम के चरित्र को लेकर विपुल साहित्य लिखा गया है।

ग्रंथ के संपादक डॉ. हरीश कसाना ने बताया कि इस ग्रंथ की पूर्णता में उनके सहयोगी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बिलासपुर गौतमबुद्धनगर के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. समित कुमार नागर और भूमिका कॉलेज के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने लिखी है। इस ग्रंथ में हिंदी साहित्य के मर्मज्ञ 14 विद्वानों के हिंदी साहित्य के सर्वोत्तम अनुकरणीय पात्र राम विषयी शोधालेख संकलित हैं। संवाद

23 JANUARY 2025

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर किया गया एक संगोष्ठी का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। गुलावठी (सैय्यद मजहर) देवनागरी महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने की। अध्यक्षीय सम्बोधन में प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने नेताजी की देशभक्ति, अदम्य साहस और त्याग के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। श्री अतुल तोमर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें साहस और संकल्प की शिक्षा देता है।

उनका तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा युवाओं के लिए आज भी प्रेरणादायक है। श्री शशि कपूर ने नेताजी के विचारों को रेखांकित करते हुए कहा कि नेताजी ने न केवल आजादी के लिए संघर्ष किया बल्कि एक स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर भारत का सपना भी देखा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

24 JANUARY 2025

# नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**गौरव शर्मा,कंट्रोल इंडिया ब्यूरो,गुलावठी, बुलंदशहर।**



आज दिनांक 24/01/2025 को डी. एन. पी. जी. महाविद्यालय, गुलावठी द्वारा ' नशा मुक्त जागरूकता अभियान' के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्ण कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक , मानसिक और आर्थिक सभी प्रकार की हानि होती हैं।मादक पदार्थों के सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे कैंसर, लीवर और किडनी के रोग होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि नशा, जहर के समान है जिससे हमारे देश के युवा दूर रहें और अपना भविष्य बर्बाद न करें। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर शशि कपूर ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसके युवा ही उसकी महत्वपूर्ण संपत्ति होते हैं क्योंकि देश और समाज का भविष्य उन्हीं के बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए हम जीवन में कभी भी मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे और अपने आसपास के अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

25 JANUARY 2025

# पोस्टर प्रतियोगिता के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था, जिसे भारत सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया, जिसमें बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र ऋषभ शर्मा को हेड लीडर नियुक्त किया गया, जबकि उमेश पाल, अर्पिता गोयल, सुमैय्या, कुमकुम, अलीशा, मोहम्मद अयाज, इकरा, ज्योति तेवतिया को डोमेन हेड



बनाया गया। इस क्लब के माध्यम से महाविद्यालय में निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, और दो स्कूलों के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, मलिन बस्तियों और अभिगृहीत गाँवों में रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को लोगों तक पहुँचाया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में इकरा (बीए पंचम सेमेस्टर) ने प्रथम, सानिया (बीए पंचम सेमेस्टर) ने द्वितीय, और कीर्तिका चौधरी (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया, जबकि प्राचार्य योगेश कुमार ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सलाह दी। इस अवसर पर अतुल तोमर, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, श्याम प्रकाश और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

25 JANUARY 2025

# नशा मुक्ति शपथ ग्रहण एवं निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। डी. एन. पी. जी. महाविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण, निबंध प्रतियोगिता और नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा नाजिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पायल कुमारी ने द्वितीय और स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समाजशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर शशि कपूर ने नशे को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताया और कहा कि इससे बचने के लिए जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज उन्नति के रास्ते पर अग्रसर हो सके। भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर नरेश कुमार ने नशे के मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव और इसके शारीरिक अंगों पर पड़ने वाले नकरात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल तोमर ने नशे के सेवन से सकारात्मक ऊर्जा के ह्रास होने और मानव जीवन के अंधकार की ओर बढ़ने की बात की। इस आयोजन ने नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया और विद्यार्थियों तथा उपस्थित जनों को नशे के खतरों से अवगत कराया।

31 JANUARY 2025

# देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिता आयोजित



जन सागर टुडे राजीव अग्रवाल

**गुलावठी।** 31 जनवरी 2025 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी में सड़क सुरक्षा क्लब के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगियों की थीम ' सड़क सुरक्षा जन सुरक्षा ' रही ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य योगेश त्यागी ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सलाह दी, तथा कहा कि सरकार के परिवहन मंत्रालय द्वारा सड़क पर चलने के सभी नियम जन सुरक्षा हेतु बनाए गए हैं । हमें इस प्रकार के सभी नियमों का अक्षरशः पालन करना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी होने के नाते हमारी जिम्मेदारी समाज के प्रति और अधिक बढ़ जाती है। इसमें बी ए पंचम सेमेस्टर के छात्र ऋषभ शर्मा ( हेड लीडर ) द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई । महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया साथ ही गुलावटी नगर के आस पास मलिन बस्तियों एवं गाँवों में जनजागरूक रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया । सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक व एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को सुरक्षा के 10 सुनहरे नियमों की विस्तार से जानकारी दी । बताया कि सुरक्षा के 10 सुनहरे नियम यथा - वहां चलाते समय हेलमेट पहनना, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करना, वहां नियंत्रित गति में चलाना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना, वाहन की फिटनेस का ध्यान रखना, सड़क पर उत्तेजक व्यवहार से बचना, ध्यानपूर्वक ड्राइविंग आदि का पालन करने से हम स्वयं की तथा अन्य की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर अतुल तोमर, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, कृष्ण कुमार, शशि कपूर,श्याम प्रकाश एवं रा.से.यो. के स्वयं सेवक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

02 FEBRUARY 2025

# महाविद्यालय के छात्र एवं स्वयंसेवक प्रत्येक कार्य को करते पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव के साथ : प्राचार्य योगेश कुमार




**गौरव शर्मा कंट्रोल इंडिया ब्यूरो गुलावठी बुलंदशहर।**

आज दिनांक 02.02.25 को डी.एन.पी.जी. कॉलेज, गुलावटी, बुलंदशहर के एन. एस. एस. यूनिट के तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । शिविर की थीम ' सड़क सुरक्षा समाज हित में आवश्यक ' रही

महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में स्वयंसेवकों को कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की तथा कहा कि महाविद्यालय के छात्र एवं स्वयं सेवक प्रत्येक कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से करते हैं । जिससे महाविद्यालय समाज हित के प्रत्येक कार्य को सहज रूप में कर पाता है । महाविद्यालय की एन एस एस इकाइयों द्वारा जनवरी माह में भी सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय में सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम ठरर कार्यक्रम अधिकारियो डॉ. अवधेश कुमार सिंह तथा डॉ हरीश कसाना की विशेषज्ञ देखरेख में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने, जिम्मेदारी से वाहन चलाने और सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था।

यह कार्यक्रम शिविर में आयोजित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा उपायों जैसे हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट पहनना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना, गति सीमा का ध्यान रखना और ध्यान भंग करके वाहन न चलाने के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय निवासियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित चचाओं और गतिविधियों में शामिल करना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें बढ़ाई जा सकें।

डॉ. हरिश कासाना और डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए यह बताया कि सड़क सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण है। इस दौरान, सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक मामलों और उनके गंभीर परिणामों पर आधारित प्रैक्टिकल डेमो और केस स्टडीज भी साझा की गईं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे ।

03 FEBRUARY 2025

# शतरंज में पुरुष व महिला वर्ग में डीएन कालेज विजयी

संवाद सहयोगी, जागरण • गुलावठी: देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतर महाविद्यालयीय शतरंज (पुरूष/महिला) की दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पुरुष व महिला वर्ग में डीएन-पीजी कालेज की टीम प्रथम स्थान पर रही।

कालेज सभागार में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ कालेज प्राचार्य प्रो.योगेश कुमार त्यागी, एसएसएस कालेज माछरा, मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर संजय यादव, आईपी कालेज बुलंदशहर की शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डा.छाया चौधरी तथा एसएसवी कालेज, हापुड़ के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डा.सुदर्शन त्यागी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम सचिव अवधेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को खेल की शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रो.योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि खेलों का शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रतियोगिता में एसएसवी पीजी कालेज, कालेज, एमएम कालेज, मोदीनगर, मेरठ कालेज मेरठ, शहीद मंगल पांडे कालेज, मेरठ तथा अन्य महाविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग कर रही है। मुख्य आर्बिटर की भूमिका ललित कपूर ने निभाते हुए प्रतिभागियों को खेल के नियम बताए। सोमवार देर शाम तक चले चार राउंड के मुकाबले के बाद महिला वर्ग में डीएन कालेज, गुलावठी की टीम 10 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। जबकि एसएमएमजी कालेज, मेरठ की टीम नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर तथा एसएसवी पीजी कालेज हापुड़ की टीम छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर खेल रही थी।

वहीं पुरुष वर्ग के मुकाबले में डीएन कालेज गुलावठी की टीम 11 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, मेरठ कालेज मेरठ की टीम सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर तथा एमएमएच कालेज, गाजियाबाद की टीम तीसरे स्थान पर खेल रही थी।

डा.सौरभ पाल, डा.सुधीर मालिक, डा.पूनम भारद्वाज, अतुल तोमर, पीयूष त्रिपाठी, विनय कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, हरीश कसाना, शशि कपूर, श्याम प्रकाश आदि प्राध्यापकों के अलावा विभिन्न कालेजों से आए प्रतिभागी एवं महाविद्यालय के छात्र मौजूद रहे। संचालन पुष्पेंद्र मिश्र ने किया।




डीएन–पीजी कालेज में शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेती टीम • जागरण

04 FEBRUARY 2025

# शतरंज में पुरुष व महिला वर्ग में डीएनपीजी कॉलेज बना चैंपियन

## एकल महिला वर्ग में सोनम व पुरुष वर्ग में ऋतुराज चैंपियन, विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुलावठी।** डीएनपीजी कॉलेज में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता के महिला वर्ग व पुरुष वर्ग में डीएनपीजी कॉलेज की टीम चैंपियन बनी। जबकि एकल महिला वर्ग में सोनम व पुरुष वर्ग में ऋतुराज चैंपियन रहे।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रो.योगेश कुमार त्यागी ने बतौर मुख्य अतिथि विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के आयोजक डॉ. अवधेश कुमार सिंह एवं कॉलेज के प्रो. पीयूष त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में मेरठ कॉलेज, मेरठ की टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं, महिला वर्ग में एसएसवी पीजी कॉलेज हापुड़ की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

वहीं, एकल मुकाबले में महिला वर्ग में कुमकुम दूसरे तथा दिशा तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में उज्ज्वल चौहान ने दूसरा तथा दिव्यांश शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



अतिथियों के साथ मौजूद शतरंज प्रतियोगिता में चैंपियन। स्रोत: संस्थान




एनआरईसी कॉलेज में कबड्डी विजेताओं के संग मौजूद अतिथि। संवाद

कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कहा कि शतरंज शह और मात तथा बुद्धि का खेल है। छात्र-छात्राओं को खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. गुलाब सिंह रूहल, विश्वविद्यालय के ऑब्जर्वर कम सिलेक्टर डॉ. छाया चौधरी तथा डॉ. संजय यादव तथा फिडे आर्बिटर ललित कपूर, नवीन तोमर, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में फराना गांव की टीम बनी विजेता

**खुर्जा।** एनआरईसी खेल मैदान में मंगलवार को आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में फराना गांव की टीम प्रथम रही। वहीं द्वितीय स्थान पर सावित्री देवी सरस्वती विद्या मंदिर की टीम रही। विजेता टीम को अतिथियों ने भागवत गीता पुरस्कार स्वरूप में भेंट की। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक गोलू राजपूत ने बताया कि संगठन ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से दो टीम ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रांत प्रमुख सुनील सोलंकी, जिला सह मंत्री जीतू कटारिया, जिला कोषाध्यक्ष सचिन, श्रेयांश जैन, आकाश भटनागर, नरेश पंडित, पूर्व विधायक बिजेंद्र, राम दिवाकर, केशव भाटी, नीरज, सौरभ, कपिल, अमन आदि मौजूद रहे। संवाद

05 FEBRUARY 2025

# डी एन डिग्री कॉलेज गुलावठी में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया



**जन सागर टुडे संवाददाता**

**गुलावठी।** डी एन कॉलेज गुलावटी बुलंदशहर में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी का संदेश बच्चों को बताया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में कहा कि हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे ।

कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य कृष्ण कुमार ने ह्रआइए मिलकर जागरूकता फैलाई, भ्रांतियां को दूर भगाएं , कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाएह्ल की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान के सहायक आचार्य नरेश कुमार ने कहा कि कुष्ठ रोग एक पुराना संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से Mycobacterium leprae नामक जीवाणु के कारण होता है। यह रोग त्वचा, तंत्रिका तंत्र और श्वसन मार्ग को प्रभावित कर सकता है ।

कार्यक्रम के प्रभारी गणित विभाग के प्रभारी श्याम प्रकाश ने कार्यक्रम को संचालित किया ।

कार्यक्रम में प्रो अतुल तोमर, डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रो हरिदत्त शर्मा, प्रो शशि कपूर आदि उपस्थित रहे ।

12 FEBRUARY 2025

दैनिक
जन सागर टुडे

# देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी द्वारा पॉलीमर यौगिक पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया



**जन सागर टुडे राजीव अग्रवाल**

**गुलावठी।** देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, बुलंदशहर के रसायन विज्ञान विभाग में एकदिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत राजकीय परास्नातक महाविद्यालय, नोएडा के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रविकांत ने पॉलीमर और उसके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि पॉलीमर एक विशालकाय यौगिक है जो छोटे यौगिक के द्वारा बनाए जाते है। पॉलीमर प्रकृति और लैबोरेटरी (प्रयोगशालाओं) द्वारा बनाए जाते है। पॉलीमर को सीधी श्रृंखला और शाखा श्रृंखला में वर्गीकृत किया जा सकता है। जिनके अपने विशिष्ट गुण, दोष है, और इन्हीं गुण दोष के आधार पर इनका उपयोग किया जाता है।

इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार सिंह ने कहा की प्रकृति के द्वारा बनाए गए पॉलीमर पाँच से दस वर्ष में प्रकृति के द्वारा ही नष्ट हो जाते हैं। परंतु मनुष्य द्वारा प्रयोगशाला द्वारा बनाए गए पॉलीमर को नष्ट होने में सैकड़ो साल लग जाते हैं। जिससे पर्यावरण को बहुत क्षति पहुंचती है। अतः ऐसे पॉलीमर बनाने की आवश्यकता है जो कम समय में नष्ट हो जाएं।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विनीता ने अपने संबोधन में पॉलीमर के विभिन्न उदाहरण जैसे बैकलाइट, पालीथीन, बुलेट प्रूफ जैकेट, रबर के बनाने की विधि और इनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ महेंद्र कुमार, भवनीत सिंह बत्रा , भूपेंद्र कुमार, और कुलदीप उपस्थित रहे।

13 FEBRUARY 2025

# डी एन कॉलेज गुलावठी मे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया




» **पंचशील उदय ब्यूरो**

**गुलावठी:** डी एन कॉलेज गुलावठी बुलंदशहर में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में बताया कि कुष्ठ रोग का उपचार संभव है यदि कुष्ठ रोग का पता शीघ्र चल जाए ।

कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर महेंद्र कुमार ने कुष्ठ रोग के लक्षणों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि अनुपचारिक कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति ही एकमात्र जीवाणु को फैलाने के लिए जिम्मेदार है। कार्यक्रम के प्रभारी गणित विभाग के प्रभारी श्याम प्रकाश ने कार्यक्रम को संचालित किया ।

कार्यक्रम में प्रो अतुल तोमर , प्रो विनिता गर्ग, प्रो संदीप कुमार सिंह, प्रो शशि कपूर आदि उपस्थित रहे ।

14 FEBRUARY 2025

# रसायन विज्ञान विभाग डी. एन.( पी.जी. ) कॉलेज में एकदिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत डी.एन.कॉलेज मेरठ के रसायन विज्ञान के प्रो. यशोवर्धन ने रूसी वैज्ञानिक मंडलीफ के रसायन विज्ञान में योगदान को विस्तार से समझाया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी। (सैय्यद मजहर) देव नागरी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि मंडलीफ से पहले प्रकृति में उपस्थित विभिन्न तत्वों के भौतिक और रासायनिक गुणों को याद करना बहुत ही कठिन था। मेंडलीफ ने 1869 में सर्वप्रथम प्रकृति में उपस्थित विभिन्न तत्वों के गुणों का अध्ययन कर एक सारणी के क्रम में व्यवस्थित किया और इसे आवर्त सारणी नाम दिया। आवर्त सारणी तत्वों के गुणों में समानता के आधार पर बनाई गई है। यद्यपि मेंडलीफ की आवर्त सारणी तत्वों के परमाणु भार के बढ़ते क्रम के अनुसार बनाई गई थी। कुछ समय बाद अनुसंधान से यह पता चला कि के तत्वों में समानता का कारण उनका परमाणु भार नहीं बल्कि उनकी इलेक्ट्रॉनिक संरचना है। आवर्त सारणी में तत्वों के गुणों के आधार पर अनेक नए तत्वों की खोज की गई और उनके गुणों का अध्ययन करके उन्हें उपयोगी बनाया जाता हैं।

इस अवसर पर रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय कुमार सिंह ने बताया कि आवर्त सारणी की सहायता से आवर्त सारणी में उपस्थित विभिन्न तत्वों की चालकता, अचालकता, और कुचलकता के गुणों को आसानी से पता लगाया जा सकता है। इन गुणों के आधार पर इनका उपयोग विद्युत धारा को प्रवाहित करने या विद्युत धारा के प्रवाह को रोकने में किया जाता है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विनीता ने कहा कि आवर्त सारणी में तत्वों की स्थिति देखकर हम उनके चुंबकीय गुणों को आसानी से समझ सकते है।

इन्हीं चुंबकीय गुणों का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता के रेडियो स्पीकर बनाए जाते हैं। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रसायन विज्ञान के विकास में मेंडलीफ के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर डॉ अवधेश कुमार सिंह, हरिदत्त शर्मा, कृष्ण कुमार, नरेश कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, भूपेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

17 FEBRUARY 2025

लोकमान्यताओं के अनुसार बच्चे के ... में गीता का गायन भी किया जाता है। ... सहित समाज बन्धु भी मौजूद रहे

# देवनागरी महाविद्यालय और शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के मध्य संघीय बजट 2025-26 पर राष्ट्रीय पैनल परिचर्चा का आयोजन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)। देवनागरी महाविद्यालय और शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के बीच समझौता ज्ञापन के अंतर्गत एक एकदिवसीय राष्ट्रीय पैनल परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसका विषय था संघीय बजट 2025-26। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का स्वागत करते हुए शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के प्रचार प्रोफेसर अनिल कुमार सक्सेना ने बताया कि इस परिचर्चा में बजट को तकनीकी भाषा से इतर सरल भाषा में समझाया जाएगा। देवनागरी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि दोनों महाविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन के तहत यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष बिना व्यवधान के आयोजित किया जा रहा है। पहले पैनलिस्ट के रूप में गांधी स्मारक शताब्दी महाविद्यालय, कोयलासा, आजमगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनमोहन लाल विश्वकर्मा ने बजट में कोरोना महामारी के नकारात्मक प्रभावों को सकारात्मक दिशा में मोड़ने की बात की। उन्होंने कहा कि इस बजट में भारत को 2047 तक विकसित बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है, जिसमें आय, रोजगार, और कृषि उत्पादकता पर जोर दिया गया है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और दलहन उत्पादन के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। दूसरे पैनलिस्ट मडियाहूं डिग्री कॉलेज, मडियाहूं, जौनपुर के अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेक मिश्र ने महिलाओं के लिए अधिक प्रावधान और धन आवंटन की आवश्यकता की बात की।

साथ ही उन्होंने दलहन की उच्च उत्पादकता और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में औद्योगिक वृद्धि पर जोर दिया। तीसरे पैनलिस्ट बैंक ऑफ़ बड़ौदा, कोलकाता के चीफ मैनेजर नीरज कुमार हिमांशु ने इस बजट को बैलेंस बजट बताते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को दोगुना करने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों के औपचारिककरण पर जोर दिया। उन्होंने भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संचालक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बजट से संबंधित तकनीकी शब्दावली को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के मॉडरेटर पीयूष त्रिपाठी थे, और संयोजक डॉ. अमित भूषण द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 80 से अधिक छात्रों और 15 से अधिक प्राध्यापकों ने सहभागिता की। अतिथियों का परिचय डॉ. अनूप कुमार सिंह ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया। डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, और डॉ. विनय कुमार सिंह ने आमंत्रित टिप्पणियां दीं। विशेषज्ञों से सवाल पूछने वाले छात्रों में मानसी दीपू और आशीष दुबे शामिल थे।

21 FEBRUARY 2025

दैनिक
जन सागर टुडे

# देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**जन सागर टुडे राजीव अग्रवाल**

**गुलावठी।** देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, बुलंदशहर के हिंदी विभाग द्वारा 21 फरवरी को अन्तर राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि भाषाएं संस्कृति को संरक्षित करती हैं। भाषा को सरंक्षित करने से हमारी संस्कृति संरक्षित रहेगी और बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर भवनीत सिंह बत्रा ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा के साथ अन्य भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्ण कुमार ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे लोग मातृभाषा के प्रति जागरूक होंगे।

अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ.महेंद्र कुमार ने कहा कि हमारे स्वाभाविक विचार अपनी मातृभाषा में ही आते हैं। इस अवसर पर कुमकुम छात्रा बीए तृतीय वर्ष ने खड़ी बोली में कविता का वाचन किया। छात्रा खुशी, कोमल, अंजली, निशा, अंजली रानी, छात्र शुभम, हर्षित और अरुण कश्यप ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अतुल तोमर, डॉ. विनीता, श्याम प्रकाश, शशि कपूर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 03 MARCH 2025

8 email: jansagartoday@gmail.com
गाजियाबाद, मंगलवार 04 मार्च 2025
लखनऊ/ कानपुर/ अयोध्या

# देवनगरी महाविद्यालय गुलावठी में रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने किया प्रवेश कैंप का शुभारंभ

**जन सागर टुडे संवाददाता**

**गुलावठी।** डी.एन.पी.जी. कॉलेज गुलावठी में रोवर्स एवम रेंजर्स इकाई द्वारा प्रवेश कैंप का शुभारम्भ किया गया। प्रवेश कैंप की अध्यक्षता प्राचार्य श्री योगेश कुमार त्यागी जी के द्वारा की गई।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं से रोवर्स एवम रेंजर्स में अपने अनुभव साझा किये और बच्चों से सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ चढ़कर भाग लेनें एवम समाज के उत्थान में सकरात्मक योगदान देनें की अपील की प्रवेश कैंप में ट्रैनिंग पवन कुमार राठी (ए.एल.टी.एस) जिला संगठन आयुक्त, बुलन्दशहर के द्वारा दी जा रही। साथ ही विशाल सैनी सहायक प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम का सुभारम्भ ध्वजारोपण और ध्वजगीत के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ एवम रोवर्स एवम रेंजर्स स्कार्फ और वॉगल देकर किया गया।





**48 स्वयंसेवक और स्वंय सेविकाओं को विभिन्न टोलियो में बांटा गया टोलियो के नाम आजाद टोली, भारत टोली, मयूरी टोली, तिरंगा टोली, कमल टोली आदि रखे गये।**

सभी 48 स्वयंसेवक और स्वंय सेविकाओं को विभिन्न टोलियो में बांटा गया टोलियो के नाम आजाद टोली, भारत टोली, मयूरी टोली, तिरंगा टोली, कमल टोली आदि रखे गये। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक पवन कुमार राठी ने रोवर्स एवम रेंजर्स विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गांठे, सैल्यूट करना, तालियाँ, प्रतिज्ञा, ध्वजानुशासन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स लीडर डॉ. विनीता गर्ग के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन रोवर्स लीडर डॉ. अवधेश कुमार सिंह नें दिया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ अतुल तोमर, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. पुष्पेन्द्र मिश्र, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, नवीन तोमर आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 04 MARCH 2025

दैनिक जन सागर टुडे

# डी एन पी जी कॉलेज गुलावठी में तम्बू निर्माण के साथ हुआ प्रवेश कैंप का समापन

**जन सागर टुडे राजीव अग्रवाल**

**गुलावठी।** डी.एन. पी.जी. कॉलिज, गुलावठी बुलन्दशहर में रोवर एण्ड रेंजर्स कैम्प का समापन तम्बू निर्माण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में भारत स्काउट एण्ड कार्यालय बुलन्दशहर से आये सहायक प्रशिक्षक अमित कुमार गौतम और विशाल सैनी ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज को फोल्ड करना सिखाया व ध्वजा-रोहण के नियमों से अवगत कराया। तम्बू निर्माण के लिए उपयोगी विभिन्न गांठो, बन्धनों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। भारत टोली, तिरंगा टोली, मयूरी टोली, कमल टोली, आजाद टोली, द्वारा सुन्दर-सुन्दर टैन्टों का निर्माण पुरानी साड़ी, चादरों, डन्डों व अन्य अनुपयोगी वस्तुओं के सदुपयोग के द्वारा किया गया। इन टैंटो में तिरंगा टोली ने प्रथम स्थान, कमल टोली ने द्वितीय स्थान व मोर टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार जी ने सभी रोवर्स एण्ड रेंजर्स को शुभाशीष दिया व सभी टैन्टों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रोवर्स लीडर डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि





रोवर एवं रेंजर्स प्रवेश कैंप में छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रह कर अपने समाज, कॉलिज, गाँवों मे सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर कार्य कराने के लिए प्रेरित रहना चाहिए।

रेंजर्स लीडर डॉ. विनीता गर्ग ने कहा कि स्काउटिंग आन्दोलन के सिद्धांत, ईश्वर के प्रति कर्तव्य, समाज व दूसरों के प्रति कर्तव्य स्वंय के प्रति कर्तव्य का पालन सभी रोवर्स एण्ड रेंजर्स को करना चाहिए। तम्बू निर्माण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ इस द्वि-दिवसीय प्रवेश कैंप का समापन हुआ।

इस अवसर पर श्री अतुल तोमर, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार मिश्र, श्री पीयूष त्रिपाठी, डॉ संदीप कुमार सिंह, श्री शशि कपूर, श्री श्याम प्रकाश, डॉ. हरीश कसाना, नवीन तोमर आदि शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# 08 MARCH 2025

# डी.एन.पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी के देवनागरी महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में रमन स्पेक्ट्रो फोटोमीटर के महत्व को बताया, जिससे जैविक पदार्थों के प्रोटीन और न्यूक्लिक एसिड का अध्ययन किया जाता है। रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ. विनीता गर्ग ने विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए आविष्कार जनमानस के लिए लाभदायक होते हैं। भौतिक विज्ञान प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर नरेश कुमार ने सर सी.वी. रमन और उनकी खोज रमन प्रभाव की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत की।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार सिंह ने नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल के योगदान पर प्रकाश डाला। गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम प्रकाश और हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरीश कसाना ने विज्ञान के महत्व और समाज में उसकी भूमिका पर विचार रखे। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बी.एस-सी. प्रथम वर्ष के छात्र आर्यन कुमार और गोविंद सिंह बोरा ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रो. अतुल तोमर, डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. संदीप कुमार सिंह, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, कृष्ण कुमार, शशि कपूर सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 10 MARCH 2025

# देवनगरी महाविद्यालय गुलावठी में कैरियर इन साइंस आफ्टर ग्रेजुएन विषय में व्याख्यान का आयोजन

**जन सागर टुडे राजीव अग्रवाल**

**गुलावठी।** रसायन विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित करियर काउंसिलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय कुमार सिंह ने "कैरियर इन साइंस ऑफ्टर ग्रेजुएशन" विषय में व्याख्यान दिया ।



यह व्याख्यान उन्होंने रेन विश्वविद्यालय फ्रांस में अपने छः माह के अध्ययन अवकाश के समय विभिन्न देशों के छात्रों द्वारा फ्रांस की विभिन्न विश्वविद्यालय में परास्नातक और पी एच डी पाठयक्रम में प्रवेश पाने के लिए आवश्यक योग्यता पर आधारित था। डॉ विनय कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक के बाद विदेश की किसी प्रतिष्ठित विश्व विद्यालय में परास्नातक (मास्टर्स) या ढँऊ कार्यक्रम के अध्ययन के लिए छात्रों को जी.आर. ई. और टॉफिल की परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र और भारतीय पासपोर्ट अनिवार्य रूप से आवश्यक होता है। भारतीय पासपोर्ट भारतीय नागरिक को अंतराष्ट्रीय यात्रा के लिए जारी किया जाने वाला दस्तावेज है। यह भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र भी होता है। पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदक को ऑनलाइन पासपोर्ट सेवा पोर्टल में जाकर आवेदक को दिए गए प्रारूप में जानकारी और शुल्क देनी होती है। तत्पश्चात नजदीकी पासपोर्ट सेवा केंद्र में आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद बायोमेट्रिक प्रकिया से गुजरना होता है। पुलिस द्वारा जाँच एवं सत्यापन के बाद पासपोर्ट जारी कर दिया जाता है। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय पासपोर्ट बनवाने, पासपोर्ट के नवीनीकरण इसमें होने वाली समस्याओं को विस्तार पूर्वक समझाया।

21 MARCH 2025

# विविध / राजस्थान

# डीएन इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। डीएन इंटर कॉलेज के बड़े मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का चतुर्थ एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने स्वयं सेवकों को कर्तव्यपथ पर अडिग रहने और सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और निरंतरता से सफलता प्राप्त की जा सकती है। शिविर में अतिथि के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर नवीन तोमर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र जीवन को सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि यह उम्र अपने भविष्य को संवारने और मानसिक व शारीरिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों को माय भारत पोर्टल पर होने वाले आगामी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की जानकारी दी, साथ ही स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए। डॉ. हरीश कसाना ने स्वयं सेवकों को अनुशासन में रहकर कार्य करने के महत्व को बताया और कहा कि उनका दायित्व अन्य छात्रों से अधिक होता है। शिविर में स्वयं सेवकों ने कॉलेज के बड़े खेल मैदान की सफाई की, उग आई बड़ी घास को हटाया, मैदान में फैले पत्थरों व पॉलीथीन को बीनकर स्वच्छता अभियान चलाया और पेड़-पौधों की देखभाल की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

## 23 MARCH 2025

# रस्साकशी में मेरठ कॉलेज की टीमें अव्वल

## आईपी कॉलेज द्वितीय परिसर में हुई अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाद न्यूज एजेंसी

बुलंदशहर। आईपी कॉलेज द्वितीय परिसर में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) की अंतर-महाविद्यालय रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मेरठ कॉलेज, मेरठ की महिला व पुरुष वर्ग की टीमों ने पहला स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में आठ टीमों और महिला वर्ग में सात टीमों ने भाग लिया। आईपी कॉलेज प्रथम परिसर के प्राचार्य डा. अरविंद कुमार ने बताया कि रस्साकशी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मेरठ कॉलेज, मेरठ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि आईपी कॉलेज प्रथम परिसर की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग की प्रतियोगिता में भी मेरठ कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि डीजे कॉलेज बड़ौत की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि प्रबंध समिति की अध्यक्ष नीना मित्तल रहीं। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक कराने में आयोजन सचिव डॉ. छाया चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ऑब्जर्वर सिलेक्ट डॉ. डीसी मौर्य, डॉ. नवीन तोमर और मेरठ यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. गुलाब सिंह रूहल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रबंध तंत्र के उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष उपदेश मित्तल, संयुक्त सचिव ललित सिंघल, प्राचार्य डॉ. टीएन मिश्रा, उपप्राचार्य प्रो. पूनम पालीवाल सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, विभिन्न महाविद्यालयों के टीम मैनेजर एवं प्रतिभागी टीमें उपस्थित रहीं।

city sports



आईपी कॉलेज द्वितीय परिसर में रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान



डीएन पीजी कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। स्रोत : संस्थान

### बालक वर्ग में रोबिन व बालिका में विशाखा बनीं विजेता

**गुलावठी।** डीएन पीजी कॉलेज में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट रोबिन तथा बालिका वर्ग में विशाखा को बेस्ट एथलीट चुना गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने बताया कि बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ सौरभ पाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रवेश ने दूसरा तथा रिहान ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में रोबिन कुमार ने पहला, अमन खान ने दूसरा तथा प्रिंस चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में सौरभ ने पहला, रोबिन ने दूसरा तथा प्रिंस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में रोबिन ने पहला, रोहित शर्मा ने दूसरा रिहान ने तीसरा व बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में विशाखा ने पहला, हर्षिता शर्मा ने दूसरा तथा आंचल ने तीसरा, लंबी कूद में गरिमा शर्मा ने पहला, ज्योति तेवतिया ने दूसरा तथा मानवी ने तीसरा और गोला फेंक में विशाखा ने पहला, गरिमा शर्मा ने दूसरा तथा ज्योति तेवतिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह, समाजसेवी वीरेंद्र लौर, डीएन इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील गोयल व आईपी कॉलेज बुलंदशहर के प्रो.अरविंद कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया। संवाद

### जिला प्रदर्शनी में चला शह और मात का खेल

बुलंदशहर। जिला प्रदर्शनी के बैरन हाल में तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता दूसरे दिन रविवार को जारी रही। जिला शतरंज संघ की ओर से प्रतियोगिता में जिलेभर के 80 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। दूसरे दिन तीन राउंड खेले गए। वहीं, सोमवार को अंतिम राउंड खेलने के बाद समापन होगा। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जूनियर वर्ग में 24 और सीनियर वर्ग में 56 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। रविवार को तीन राउंड खेले गए। अब तक पांच राउंड में सीनियर वर्ग में हितेश तोमर व राजीव कटारा आगे चल रहे हैं। सोमवार को प्रतियोगिता के शेष राउंड खेले जाएंगे। इस दौरान प्रदर्शनी समिति के सदस्य मुकुल शर्मा, रमेश गर्ग एवं मोतीराम पुष्कर आदि का विशेष सहयोग रहा। संवाद



बैरन हाल में शतरंज खेलते प्रतिभागी। संवाद

EDUCATION HUB

# 24 MARCH 2025

# राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**गौरव शर्मा कंट्रोल इंडिया ब्यूरो गुलावठी बुलंदशहर।** आज दिनांक 24.03.25 को डी. एन. पी. जी. कॉलेज, गुलावटी, बुलंदशहर की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ निकटवर्ती ग्राम नत्थूगढ़ी में स्थित कुटी तपोभूमि पर किया गया ।

उद्घाटन सत्र कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की । अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए प्राचार्य योगेश त्यागी ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अपने गठन के उद्देश्य को मूर्त रूप प्रदान कर रहे हैं । हमारे बीच उपस्थित पुरातन छात्र आपकी प्रेरणा बन सकते हैं । जीवन में प्रत्येक कदम पर एक नया पाठ पढ़ने को मिलता है । हमें प्रत्येक से ग्रहण करने का गुण विकसित करना है । माता पिता, गुरू तथा अग्रज साथी अपने विस्तृत अनुभव के द्वारा आप का मार्ग सरल, सहज प्रशस्त करने का कार्य करते हैं । शिविर में आए स्वयं सेवक अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास विभिन्न गतिविधियों के द्वारा प्राप्त करेंगे । उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शिविर के सफल आयोजन एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

मुख्य अतिथि प्रवेश तेवतिया ने स्वयं सेवकों को आशीर्वाद दिया तथा कहा कि आप भविष्य की संभावनाओं को छात्र जीवन से ही मूर्त रूप प्रदान करते हैं । स्वयं सेवक का जीवन तपस्या का जीवन होता है । शिविर के अंदर हमें आत्म विश्वास का पाठ पढ़ाया जाता है। छात्र जीवन में अपने गुरुओं का सम्मान अवश्य करना चाहिए ।

विशिष्ट अतिथि अमित तेवतिया ने कहा कि शिविर के द्वारा आप सभी विभिन्न प्रकार की स्किल्स को सीखते हैं । जीवन में साधारण तथा संस्कारी बनें । आपका प्रत्येक कृत्य आपके संस्कार को प्रदर्शित करता है । हमें अपनी क्षमताओं को पूर्ण विस्तार देना है, अपने पैरों पर खड़ा होना है । विद्वान को सर्वत्र पूजा जाता है । हमें विद्वान बनना है ।

इससे पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई के स्वयं सेवकों को भगत सिंह टोली, वीरांगना लक्ष्मीबई टोली, गांधी टोली, आजाद टोली, सावित्रीबाई फुले टोली आदि नाम के साथ 05 टोलियां बनाई गई । भगत सिंह टोली के प्रमुख ऋषभ शर्मा, वीरांगना लक्ष्मी बाई टोली की प्रमुख अर्पिता गोयल, गांधी टोली की प्रमुख खुशबू, आजाद टोली की प्रमुख कुमकुम, सावित्रीबाई फुले टोली का प्रमुख ज्योति बनाई गई तथा समूह के द्वारा कार्ययोजना को साकार करने की योजना बनाई । ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने दिया । अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के सम्मानित प्राचार्य जी के निर्देशन के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम समाज हित में नित विशिष्ट कार्य कर रही है । कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरीश कसाना ने भी सभी का आभार व्यक्त किया । स्वयं सेवकों ने ग्राम नत्थूगढ़ी में कुटी तपोभूमि परिसर में साफ सफाई कार्य किया । साथ ही उपस्थित स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने अपनी अपनी टोली के द्वारा विभिन्न कार्य किए । कार्यक्रम का संचालन छात्रा भूमिका सिरोही ने किया । शिविर में पुरातन छात्र अनुज कुमार, पप्पू पाल तथा समस्त स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे ।

## 26 MARCH 2025

# डीएनपीजी कॉलेज गुलावठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत का गान करके कार्यक्रम का किया गया आरंभ



राजीव अग्रवाल/ जन सागर टुडे

**गुलावठी।** डी.एन.पी.जी. कॉलेज, गुलावटी, बुलंदशहर की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई के सात दिवसीय शिविर, शिविर स्थल ग्राम नत्थूगढ़ी की कुटी (तपोभूमि) पर कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत का गान करके कार्यक्रम का आरंभ किया गया ।

शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान का कार्य किया गया । तपोभूमि परिसर के आस पास पतझड़ के पत्ते तथा घास फूस को एकत्रित कर नियत स्थान पर जमा किया।

स्वच्छता अभियान कार्य बनाई गई टोलियों के प्रमुखों के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अवधेश कुमार सिंह तथा डॉ हरीश कसाना ने स्वयं सेवकों के आज के दायित्व निर्धारित किए तथा छात्रों में स्वस्थ प्रतियोगिता के भाव को विकसित करने का कार्य किया।

शिविर के दूसरे सत्र की थीम' एक दिन बुजुर्गों के नाम' रही। इसके अंतर्गत शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा पास पड़ोस के गांव के बुर्जुगों को निमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम नत्थूगढ़ी से गजेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, ओमपाल सिंह, सुबे सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिरोही तथा कृपाली देवी, बिजेंद्री देवी, गीता देवी आदि उपस्थित हुए। शिविर में प्रवेश तेवतिया की विशेष रूप से उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम वृद्धजनों के सम्मान, उनकी समस्याओं को समझने और उनके साथ समय बिताने के लिए समर्पित था। सम्मानित वृद्धजनों को आमंत्रित कर उनके जीवन अनुभवों को साझा करने का अवसर दिया गया। जिससे की युवाओं को उनके संघर्षों और सफलताओं से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम में बोलते हुए बुजुर्ग दादी कृपाली देवी ने छात्र छात्राओं को बुजुर्गों के सम्मान की रक्षा उम्र भर करने के लिए कहा तथा कहा कि जो बुजुर्गों से सीखते हैं वह जीवन में सफल होते हैं । ओमपाल सिंह ने कहा कि हम जैसा व्यवहार अपने साथ चाहते है, हमें वही व्यवहार दूसरा के साथ भी करना चाहिए। हरेंद्र ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि अपने संस्कारों को सदैव जीवंत बनाए रखें। कृपाली देवी ने छात्र छात्राओं को एक लोकगीत के द्वारा जागरूक किया। गीता देवी ने कहा कि सदैव बड़ों का कहना मानना चाहिए। विजेंद्र देवी ने कहा कि परिवार में सभी का सम्मान करना चाहिए। सुख दुख का साथी बनना चाहिए।

ओमप्रकाश ने कहा कि हमें अपनी बुराई को ठीक करना चाहिए तथा दूसरों की अच्छाई का अनुश्रवण करना चाहिए। गजेंद्र सिंह ने सभी को स्वस्थ एवं प्रसन्न रहने का आशीर्वाद दिया।

प्रवेश तेवतिया ने छात्रों को नैतिकता की अनेक बातें बताई तथा जीवन को चारित्रिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कहा। कार्यक्रम में सम्मानित बुजुर्गों ने भी अपनी रुचि के अनुसार प्रेरणाप्रद गीत, कविताएँ और कहानियाँ सुनाई। बुजुर्गों ने स्वयं सेवकों के बीच पारंपरिक खेलों जैसे चेयर गेम, बैलून खेल, पर्ची गेम और तंबोला खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। सभी स्वयंसेवकों को बुजुर्गों का सम्मान करने संबंधी शपथ दिलाई गई।

स्वयं सेविका अंशु बिधूड़ी तथा अंशु ने बुजुर्गों के सम्मान में कविता पाठ किया। स्वयं सेविका काजल खारी ने बुजुर्गों के महत्व एवं सम्मान को समर्पित भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन अर्पिता गोयल तथा भूमिका सिरोही ने किया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरीश कसाना ने सभी का आभार प्रकट किया।

शिविर में महाविद्यालय के प्रोफेसर पीयूष त्रिपाठी, डॉ विनय कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा तथा पुरातन छात्र अनुज कुमार, पप्पू पाल, सुमित, वंश यादव तथा प्रमोद आदि एवं समस्त स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

# 27 MARCH 2025




शिविर में स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते पुलिसकर्मी। स्रोत - संस्थान

# स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

**गुलावठी।** डीएन पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई के गांव नत्थूगढ़ी में चल रहे सात दिवसीय शिविर का आयोजन चौथे दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राजन सिंह ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी।

कहा कि सड़क पर चलने के नियम जनता की सुरक्षा हेतु बनाए गए हैं। हमें इसे अपनी औरा दूसरों की जीवन रक्षा हेतु अपनाना चाहिए। बिना वैध लाइसेंस के वाहन चलाना दंडनीय अपराध है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह और डॉ. हरीश कसाना ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। प्रवेश तेवतिया, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, डॉ. पीयूष त्रिपाठी, डॉ. विनय कुमार सिंह, पप्पू पाल आदि मौजूद रहे। संवाद

## 28 MARCH 2025

# पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर स्वच्छता अपनाने को लेकर किया जागरूक

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




गुलावठी ! (सैय्यद मजहर) डी. एन. पी. जी कॉलेज,की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के पांचवे दिन के प्रथम सत्र का आरंभ स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल कुटी तपोभूमि ग्राम नत्थूगढ़ी में मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना कर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर किया । तत्पश्चात शिविर स्थल के समीप चारों ओर साफ सफाई की गई । स्वच्छता को अपनाने संबंधी नारे लगाए गए, पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही स्वच्छता को अपनाने एवं प्रसारित करने को नैतिक मूल्यों में से एक माना । शिविर में ग्राम नत्थूगढ़ी के निवासी तथा बसंती देवी डिग्री कॉलेज के प्राध्यापक श्री हरेंद्र सिंह ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वयं सेवकों को स्वच्छता अभियान संबंधी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा कहा कि स्वयं सेवक का जीवन त्याग और तपस्या का जीवन होता है । सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवक आत्म विश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकास, मानसिक बल तथा समूह में कार्य करने आदि विविध गुण स्वयं सेवक सीखता है राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स) के विशेष शिविर के दूसरे सत्र में शिविर की थीम % स्वस्थ रहे सुरक्षित रहे रही । थीम के अनुरूप शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. योगेंद्र तेवतिया ने भाग लिया।

डॉ. तेवतिया ने अपने प्रेरणादायक व्याख्यान में स्वास्थ्य, स्वच्छता और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को समझाया कि एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से न केवल व्यक्तिगत विकास होता है बल्कि समाज भी सशक्त बनता है।

डॉ. तेवतिया ने बताया कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वच्छता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को नियमित हाथ धोने, स्वच्छ जल पीने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी।

उन्होंने रोज़मर्रा की जिंदगी में योग और व्यायाम को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ रह सकें।

उन्होंने बताया कि हस्स स्वयंसेवकों का कर्तव्य है कि वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाएं।

उन्होंने आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद के महत्व को भी समझाया।

प्रश्नोत्तर सत्र व्याख्यान के बाद छात्रों ने डॉ. योगेंद्र तेवतिया से स्वास्थ्य संबंधी कई प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और व्यावहारिक उत्तर देकर सभी को संतुष्ट किया ।

विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित समाज सेवी प्रवेश तेवतिया ने उपस्थित स्वयं सेवकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों को एक दूसरे के पूरक होने की बात कही तथा कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है ।

अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरीश कसाना ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने किया ।

कार्यक्रम में छात्र गोविंद तथा छात्रा आंचल ने स्वास्थ्य की आवश्यकता एवं महत्व से संबंधित भाषण दिया, छात्रा अंशु ने कविता पाठ द्वारा स्वास्थय के प्रति जागरूक किया ।

कार्यक्रम का संचालन छात्रा काजल खारी ने किया । शिविर में पुरातन छात्र पप्पू पाल, अनुज कुमार तथा समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे ।

30 MARCH 2025

# मतदान हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी, लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर- शैलेश तेवतिया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। देवनगरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर के प्रथम सत्र की थीम मतदान का महत्व एवं आवश्यकता रही। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की जागरूकता और भागीदारी पर निर्भर करती है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। सशक्त और विकसित राष्ट्र के लिए हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान से हमें अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार मिलता है, जिससे सरकार जनता की आवश्यकताओं के अनुसार काम कर सके। जब जागरूक नागरिक मतदान करते हैं, तो भ्रष्टाचार को रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलती है। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के भविष्य निर्माता होने के नाते युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। शिविर में विशिष्ट अतिथि प्रवेश तेवतिया ने सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कपिल ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान एक अमूल्य अधिकार है, जिसे पूरी जिम्मेदारी और जागरूकता के साथ निभाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अनिमेष ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है और क्षेत्र के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरीश कसाना ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और दूसरों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। समाजसेवी प्रीत तेवतिया ने कार्यक्रम की सफलता के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान को महादान कहा गया है, और सभी को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। इससे पूर्व स्वयंसेविका नेहा ने सूक्ति वाक्य, अंशु बिधूड़ी ने कविता पाठ, और खुशबू व आंचल ने भाषण द्वारा मतदान के महत्व को बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने निष्पक्ष और निडर होकर मतदान करने का संकल्प लिया। संचालन छात्रा अर्पिता गोयल ने किया। इस अवसर पर ग्राम नत्थूगढ़ी के गणमान्य लोग, पुरातन छात्र वंश यादव, पप्पू पाल, अनुज कुमार, प्रियांशु, उमेश पाल सहित समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**https://dnpgcollege.ac.in/newsletter**

## Contact

**Devanagari Post Graduate College**
Gulaothi, Distt. Bulandshahr (U.P.) – 203408

**Phone:** (05732) 229052

**Email:** dnpgcgulaothi@gmail.com

**Google Map Location:** https://goo.gl/maps/JUmeTjymETudMEp77